दिन– शनिवार दिनांक– 16 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. जमीन से जुड़ें दस्तावेजों को ठीक करने के लिए राजस्व और भूमि सुधार विभाग का महाअभियान आज से शुरू।

02. एनडीए का आरोप– मतदाताओं के बीच भ्रम फैलाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कल सासाराम से शुरू करेंगे पद यात्रा।

03. पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार। कई स्थानों पर कृष्ण लीला का मंचन।

04. और, राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री तथा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धापूर्वक कर रहा है याद।

——————————————————

राज्य में जमीन से जुड़ें जमाबंदी और अन्य दस्तावेजों को ठीक करने के लिए राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने आज से महाअभियान की शुरूआत की है। यह अभियान बीस सितम्बर तक चलेगा। अभियान के तहत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भू–अभिलेखों को अद्यतन करने के लिए लोगों के घर–घर जाकर उनके आवेदन स्वीकार करेंगे। साथ ही प्रत्येक हलके में दो–दो शिविर लगाकर भी कागजातों के सुधार का कार्य किया जायेगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि इसका उद्‌देश्य भूमि संबंधी दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और आम लोगों को जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जमाबंदी में त्रुटि सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण और छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाईन किया जायेगा। इसके साथ ही नाम, खाता, खेसरा, रकबा और लगान जैसी अशुद्धियां भी ठीक की जायेंगी।

——————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निजी क्षेत्र के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है। श्री कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राज्य में अगले छह महीने में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को कैपिटल सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी और जीएसटी के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा। श्री कुमार ने कहा कि उद्योग लगाने के लिए सभी जिलों में जमीन की व्यवस्था की जाएगी ओर वैसे उद्यमियों को निःशुल्क भूमि दी जाएगी, जो अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न करेंगे।

——————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कल सासाराम से वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत करेंगे। सोलह दिन तक चलने वाली यह यात्रा राज्य के पच्चीस जिलों से होकर गुजरेगी। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने आज पटना में बताया कि यात्रा में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सहित महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। श्री सिंह ने कहा कि इस पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की कथित गड़बड़ियों को उजागर किया जायेगा।

——— बाइट———

————————————————————————

इधर, सासाराम में राहुल गांधी की यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। राजद के वरिष्ठ नेता और बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि कल सुअरा हवाई अड्डा मैदान में एक जनसभा होगी। इसके बाद मतदाता अधिकार यात्रा की शुरूआत होगी।

————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने महागठबंधन की वोट यात्रा को परिवार बचाओ यात्रा बताया है। बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी एसआईआर को लेकर लगातार झूठ बोल रहे हैं।

———बाईट———

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी की वोट बचाओ यात्रा से आम मतदाताओं का कोई सरोकार नहीं है।

———बाईट———

————————————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि चुनाव के मौके पर लोगों को गुमराह करने के लिए ऐसी यात्रा की जा रही है।

———बाईट———

————————————————————————

गोपालगंज जिले के विशम्भरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिपाया इंजीनियरिंग कॉलेज के पास शराब तस्करों ने उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में होमगार्ड के एक जवान की मौत हो गयी। मद्य निषेध अधीक्षक अमृतेश कुमार ने बताया कि विभाग की टीम सूचना के आधार पर बलथरी चेक पोस्ट पर जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान यह घटना घटी है। उन्होंने बताया कि टीम के कुछ और सदस्य घायल हो गये हैं। इधर, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

————————————————————————

भागलपुर से हावड़ा तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को आज से मुंगेर के जमालपुर स्टेशन तक विस्तार दे दिया गया है। मुंगेर के सांसद और केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत ट्रेन को जमालपुर स्टेशन से रवाना किया। इससे मुंगेर, लखीसराय और आस–पास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

————————————————————

अब बात जनमाष्टकी की... म्युजिक ....

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार आज प्रदेश के विभिन्न भागों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजधानी पटना स्थित इस्कॉन मंदिर समेत विभिन्न कृष्ण मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। रात्रि बारह बजे मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कई स्थानों पर कृष्ण लीला का भी मंचन किया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

————————————————————

जन्माष्टमी को लेकर कृष्ण की जन्म भूमि मथुरा में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आज मध्यरात्रि में भगवान कृष्ण का अभिषेक किया जाएगा।एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर, भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा में भक्ति, आस्था और उल्लास के रंग देखने को मिल रहे हैं। मथुरा के सभी प्रमुख मंदिरों को रंग–बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि श्ऑपरेशन सिंदूरश में सशस्त्र बलों की वीरता को सम्मान देने के लिए मथुरा कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में ऑपरेशन सिंदूर का एक बोर्ड लगाया गया है। साथ ही इस वर्ष जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण सिंदूर फूल बंगले से दिव्य दर्शन देंगे। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण का अभिषेक मध्यरात्रि में किया जाएगा। लाखों भक्तों के लिए दर्शन सुलभ बनाने के लिए एलईडी स्क्रीन लगाई गईं हैं। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार।

————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने आज से पूरे देश में लगभग ग्यारह सौ पचास टोल प्लाजा पर गैर व्यावसायिक वाहनों के लिए फास्टैग वार्षिक पास की सुविधा शुरू कर दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, कल शाम सात बजे तक लगभग एक लाख चालीस हजार लोगों ने वार्षिक पास खरीद कर सक्रिय किया।

————————————————————

मॉनसून की सक्रियता में कमी के कारण राज्य के विभिन्न भागों में वर्षा में कमी आयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में विभिन्न स्थानों पर मेघगर्जन वज्रपात और तेज हवा चलने की आशंका है।

———बाईट———

———————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश में कमी के कारण, गंगा, गंडक, बूढी गंडक और कोसी समेत सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर में कमी दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर से लेकर कहलगांव तक घटा है। हालांकि पटना के गांधीघाट, हाथीदह, भागलपुर और कहलगांव में गंगा नदी अभी भी लाल निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से करीब एक मीटर ऊपर बह रही है। बागमती नदी

———————————————————

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर याद कर रहा है। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

अटल बिहारी वाजपेयी ... ओजस्वी वक्ता, प्रखर राष्ट्रवादी, सर्वमान्य नेता और भारतीय राजनीति के शिखर पुरूष। राष्ट्र आज उनके योगदान को याद कर रहा है। अटल जी का जन्म पच्चीस दिसम्बर उन्नीस सौ चौबीस को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। प्रधानमंत्री के रूप में तीन बार उन्होंने राष्ट्र सेवा का दायित्व निभाया। उनका सबसे सफल कार्यकाल उन्नीस सौ निन्यानवे से दो हजार चार तक रहा। इस दौरान उन्होंने वो निर्णय लिये जो मील का पत्थर साबित हुये। अटल जी ने उन्नीस सौ अंठानवे में प्रधानमंत्री बनने के कुछ ही महीनों बाद पोखरन में परमाणु परिक्षण कराने का साहसी निर्णय लिया। उन्नीस सौ निन्यानवे में करगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। तब नेतृत्व अटल जी के पास था। अटल बिहारी वाजपेयी ने छह से चौदह वर्ष तक के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था सर्व शिक्षा अभियान के तहत शुरू करवाई जो आगे चलकर क्रांतिकारी बदलाव का कारण बना। सोलह अगस्त दो हजार अठारह को उनका निधन हो गया। अटल जी की सादगी, ईमानदारी और राजनीतिक सुचिता हमेशा याद की जायेगी। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

इधर, इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय कैबिनेट के कई वरिष्ठ मंत्रियों ने नई दिल्ली में सदैव अटल स्मारक जाकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। पटना स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश अध्यक्ष

दिलीप जायसवाल और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अटल जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

---

सुपौल के वीरपुर स्थित सशस्त्र सीमा बल एसएसबी की पैंतालीसवीं वाहिनी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में नशामुक्त भारत के लिए जागरूकता रैली निकाली।

---

बिहार कम्प्यूटर शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पटना में महाधरना दिया।

---

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में जदयू कार्यकर्ताओं ने धन्यवाद रैली निकाली। लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने समेत विभिन्न घोषणाओं का स्वागत किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. जमीन से जुड़ें दस्तावेजों को ठीक करने के लिए राजस्व और भूमि सुधार विभाग का महाअभियान आज से शुरू।
02. एनडीए का आरोप– मतदाताओं के बीच भ्रम फैलाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कल सासाराम से शुरू करेंगे पद यात्रा।
03. पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार। कई स्थानों पर कृष्ण लीला का मंचन।
04. और, राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धापूर्वक कर रहा है याद।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।